# अनुरूपता परीक्षण (Analogy Test)

❑ शब्द-आधारित प्रश्नों के अन्तर्गत ऐसे प्रश्नों को रखा जा सकता है जिन्हें शब्दों या अक्षरों द्वारा निर्मित किया गया हो। लगभग सभी वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षाओं में तर्कशक्ति परीक्षण के खंड में कम से कम 5 प्रश्न शब्द या अक्षरों पर आधारित होते हैं। ये प्रश्न तर्कशक्ति के तीन परम्परागत प्रकारों अर्थात्-अनुरूपता परीक्षा, विजातीय छाँटें (Odd man out) एवं श्रेणी (Series) पर आधारित होते हैं।

अब हम उपर्युक्त तीनों प्रकारों के आधार पर पूछे जाने वाले शब्द-आधारित प्रश्नों की चर्चा करेंगे।

## अनुरूपता परीक्षण (Analogy Test)

इन प्रश्नों में दो या अधिक वस्तुओं के परस्पर सम्बन्ध पर विचार किया जाता है। परस्पर सम्बन्ध पर आधारित ये प्रश्न निम्नलिखित प्रकार से पूछे जाते हैं-

❑ **शब्द-सम्बन्ध आधारित**

**प्रथम प्रकार**–प्रथम प्रकार के प्रश्न में दो शब्द दिए जाते हैं, जिनमें कोई सम्बन्ध होता है। प्रश्न में एक तीसरा शब्द भी दिया रहता है, जिसके लिए ऐसा चौथा शब्द ज्ञात करना होता है, जो तीसरे शब्द के साथ वही सम्बन्ध रखता हो जो प्रथम दो शब्दों में हो।

जैसे–प्रकाश का अंधकार के साथ वही सम्बन्ध है जो विद्वान के साथ?

(a) चालाक (b) होनहार
(c) मूर्ख (d) वाचाल

**उत्तर-(c)** उपर्युक्त उदाहरण में प्रकाश का अंधकार के साथ विपरीत सम्बन्ध है, अतः विद्वान के विपरीत अर्थ वाला शब्द ही उपयुक्त विकल्प होगा। स्पष्ट है कि विद्वान का विपरीतार्थक सही उत्तर होगा।

**द्वितीय प्रकार**–इस प्रकार के प्रश्न में समानुपातिक विकल्प ज्ञात करना होता है।

जैसे–झुटपुटा : रात : : ? : ?

(a) शाम : दोपहर (b) दिन : प्रकाश
(c) चाकू : लिखना (d) शिशु : बालक

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार झुटपुटा, रात के पूर्व की अवस्था है, उसी प्रकार शिशु, बालक के पूर्व की अवस्था है।

**तृतीय प्रकार**–कुछ प्रश्नों में दो सम्बन्धों के चार तत्वों में से दो लुप्त तत्व रहते हैं। विकल्पों में से इन्हीं लुप्त तत्वों को ज्ञात करना होता है; जैसे–

? : निष्ठाहीनता : : ? : अवज्ञा

(a) विश्वासघाती : विद्रोही (b) विश्वासपात्र : विद्रोही
(c) प्रबन्धक : प्रशासन (d) विश्वसनीयता : विश्वासी

**उत्तर-(a)** उपर्युक्त प्रश्न हेतु ऐसे शब्दों का चयन करने की आवश्यकता है, जिन्हें दोनों ही प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर एक समान सम्बन्ध स्थापित हो जाए। इस दृष्टि से उपर्युक्त प्रश्न हेतु विकल्पों में दिए गए शब्द 'विश्वासघाती' एवं 'विद्रोही' उपयुक्त होंगे, क्योंकि जिस प्रकार विश्वासघाती निष्ठाहीनता का कार्य करता है उसी प्रकार विद्रोही अवज्ञा करता है।

## शब्द-आधारित प्रश्नों को कैसे हल करें?

तर्कशक्ति परीक्षण के प्रश्न-पत्र में शब्द-आधारित प्रश्नों द्वारा परीक्षार्थी के शब्द शक्ति-ज्ञान तथा विचार-शक्ति का परीक्षण किया जाता है। इसके लिए परीक्षार्थी का भाषा-ज्ञान समृद्ध होना आवश्यक है। शब्द-आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए सर्वप्रथम प्रश्न में दिए गए सम्बन्धों को समझें तत्पश्चात इसी सम्बन्ध के आधार पर विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

❑ **सम्बन्धों के प्रकार**

जैसा कि ऊपर वर्णित है सादृश्यता पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिये दिए गए शब्दों के परस्पर सम्बन्धों का ज्ञान आवश्यक है। यहाँ हम ऐसे ही कुछ सम्बन्धों की चर्चा कर रहे हैं जिनके आधार पर प्रायः परीक्षा में प्रश्न पूछे जाते हैं।

❑ **उद्देश्य सम्बन्ध**

भोजन : स्वास्थ्य : : सिनेमा : ?

(a) भोजन (b) मनोरंजन
(c) फिल्म (d) हर्ष

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार भोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य निर्माण है, उसी प्रकार सिनेमा का उद्देश्य मनोरंजन प्रदान करना है।

❑ **समानार्थी सम्बन्ध**

विशाल : विराट : : ? : ?

(a) प्रकाश : अंधकार (b) धुंधला : काला
(c) विशाल : छोटा (d) प्रकाश : रोशनी

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार विशाल एवं विराट दोनों समान अर्थ (बड़ा) रखने वाले हैं, उसी प्रकार प्रकाश एवं रोशनी भी समानार्थी हैं।

❑ **विपरीतार्थक सम्बन्ध**

प्रकाश : अंधकार : : सुख : ?

(a) दु:ख (b) खुशी

(c) हर्ष (d) ग्लानि

**उत्तर-(a)** जिस प्रकार अंधकार, प्रकाश का विपरीतार्थक है, उसी प्रकार दु:ख, सुख का विपरीतार्थक है।

❑ **क्रम सम्बन्ध**

सुबह : दोपहर : : शाम : ?

(a) अंधेरा (b) प्रकाश

(c) धुंधलका (d) रात

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार सुबह के बाद दोपहर होती है, उसी प्रकार शाम के बाद रात आती है।

❑ **कार्य एवं परिभाषा सम्बन्ध**

नींद : थकावट : : ? : ?

(a) भोजन : भूख (b) दौड़ : हाँफना

(c) स्वास्थ्य : परिश्रम (d) गिरना : पड़ना

**उत्तर-(a)** जिस प्रकार नींद लेने से थकावट दूर होती है, उसी प्रकार भोजन करने से भूख दूर होती है।

❑ **वस्तु-क्रिया सम्बन्ध**

चाकू : काटना : : पेन : ?

(a) स्याही (b) लेख

(c) लिखना (d) पत्रकारिता

**उत्तर-(c)** जिस प्रकार चाकू काटने का कार्य करता है, उसी प्रकार पेन लिखने का कार्य करता है।

❑ **वर्ग-जाति सम्बन्ध**

कुत्ता : जानवर : : मेज : ?

(a) लकड़ी (b) फर्नीचर

(c) कुर्सी (d) बढ़ई

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार कुत्ता, जानवर वर्ग में आता है, उसी प्रकार मेज, फर्नीचर वर्ग के अंतर्गत आती है।

❑ **स्तर सम्बन्ध**

लड़की : महिला : ? : ?

(a) यौवन : वृद्धावस्था (b) बालक : बच्चा

(c) क्लर्क : अधिकारी (d) जलवायु : मौसम

**उत्तर–(a)** जिस प्रकार लड़की के बाद की अवस्था महिला है, उसी प्रकार यौवन के बाद की अवस्था वृद्धावस्था है।

❑ **स्थल सम्बन्ध**

लाल किला : दिल्ली : : ? : ?

(a) भारत : पाकिस्तान (b) एफिल टावर : पेरिस

(c) लंदन : फ्रांस (d) वाशिंगटन : मॉस्को

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार लाल किला दिल्ली में स्थित है, उसी प्रकार एफिल टावर पेरिस में स्थित है।

## परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. यदि पक्षी तैरता है, तो मछली—**

(a) चलती है (b) तैरती है

(c) बोलती है (d) उड़ती है।

**उत्तर—(d)**

यदि पक्षी उड़ने के बजाय तैरने लगेंगे तब मछली पानी में तैरने के बजाय हवा में उड़ने लगेंगी।

**निर्देश : (प्रश्न 2 से 18 तक) दी गई समरूपता के आधार पर दिए गए विकल्पों में से नहीं दिया गया युग्म ज्ञात करें–**

**2. कोलकाता : पश्चिम बंगाल : : ? : ?**

(a) पुणे : महाराष्ट्र (b) ग्वालियर : मध्य प्रदेश

(c) जयपुर : राजस्थान (d) कानपुर : उत्तर प्रदेश

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता है, उसी प्रकार राजस्थान की राजधानी जयपुर है।

**3. अंधेरा (Darkness) : लैंप (Lamp) : : ? : ?**

(a) थकान : व्यायाम (Fatigue : Exercise)

(b) प्यास : पानी (Thirst : Water)

(c) दवाई : बीमारी (Medicine : Illness)

(d) अध्ययन : कक्षा (Study : Classroom)

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार लैंप (Lamp) जलाने से अंधेरा (Darkness) मिट जाता है, उसी प्रकार पानी (Water) पीने से प्यास (Thirst) मिट जाती है।

**4. दिमाग : शरीर : : ? : ?**

(a) जल : वायु (b) सी. पी. यू. : हार्ड डिस्क

(c) पोत : तेल (d) सॉफ्टवेयर : कंप्यूटर

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार 'दिमाग', शरीर को नियंत्रित करता है, उसी प्रकार 'सॉफ्टवेयर', 'कंप्यूटर' को नियंत्रित करता है।

**5. क्रिकेट : पिच : : ? : ?**

(a) पोत : गोदी (b) नाव : बंदरगाह

(c) कुश्ती : पथ (d) मुक्केबाजी : प्रांगण

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार 'क्रिकेट' को 'पिच' पर खेला जाता है, उसी प्रकार 'मुक्केबाजी' को 'प्रांगण' में खेला जाता है।

**6. हृदय : हृदयविज्ञान : : ? : ?**

(a) मस्तिष्क : मनोविज्ञान (b) इतिहास : ऊतक विज्ञान

(c) नागरिक शास्त्र : राज्यतंत्र (d) जीवाश्म : जीवाश्म विज्ञान

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार हृदय के अध्ययन को हृदयविज्ञान कहते हैं, उसी प्रकार जीवाश्म के अध्ययन को जीवाश्म विज्ञान कहते हैं।

**7. अग्निबाण : ईंधन : : ? : ?**

(a) मानव : ऊर्जा
(b) यंत्र : तेल
(c) विद्युत प्रवाह : विद्युत
(d) नदी : पानी

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार 'अग्निबाण' को कार्य करने के लिए 'ईंधन' की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार 'मानव' को कार्य करने के लिए 'ऊर्जा' की आवश्यकता होती है।

**8. पक्षी : पंख : : ? : ?**

(a) व्हेल : पानी
(b) कुत्ता : फेफड़े
(c) कार : पहिया
(d) पेन : कागज

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'पक्षी' को उड़ने के लिए 'पंख' की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार 'कार' को चलने के लिए 'पहिए' की आवश्यकता होती है।

**9. कैंची : कपड़ा : : ? : ?**

(a) पत्थर : चक्की
(b) कुल्हाड़ी : लकड़ी
(c) चाकू : पत्थर
(d) बंदूक : शिकार

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार कपड़ा को काटने के लिए कैंची का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार लकड़ी को काटने के लिए कुल्हाड़ी का प्रयोग किया जाता है।

**10. हिटलर : जर्मनी : : ? : ?**

(a) शेक्सपियर : इंग्लैंड
(b) मुसोलिनी : इटली
(c) तुलसीदास : भारत
(d) बोरिस येल्तसिन : रूस

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार हिटलर जर्मनी देश का तानाशाह था, उसी प्रकार मुसोलिनी, इटली देश का तानाशाह था।

**11. प्रस्तावना : निष्कर्ष : : ? : ?**

(a) अभिवादन : अलविदा
(b) जमा : लेना
(c) साथी : दुर्जन
(d) मिश्रण : निकलना

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार निबंध का प्रारंभ प्रस्तावना से एवं अंत निष्कर्ष से होता है, उसी प्रकार आगंतुक के आने पर अभिवादन एवं जाने पर अलविदा कहा जाता है।

**12. कागज : कलम : : ? : ?**

(a) पेंसिल : कागज
(b) सीसा : पेंसिल
(c) कागज : पेंसिल
(d) स्याही : कलम

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार कलम से कागज पर लिखा जाता है, उसी प्रकार पेंसिल से भी कागज पर लिखा जाता है।

**13. चिमनी : धुआं : : ? : ?**

(a) चाय : केतली
(b) चिमनी मिट्टी : सिरेमिक
(c) घर : छत
(d) बंदूक : गोली

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार चिमनी से धुआं निकलता है, उसी प्रकार बंदूक से गोली निकलती है।

**14. जंगली : सभ्य : : ? : ?**

(a) निरक्षर : पुस्तक
(b) अंधेरा : रोशन
(c) जंगली : पशु
(d) पाश्विक : वीर

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार 'जंगली' का विपरीतार्थक शब्द 'सभ्य' होता है, उसी प्रकार 'अंधेरा' का विपरीतार्थक शब्द 'रोशन' होता है।

**15. गर्म : उष्ण : : ? : ?**

(a) जलवायु : मौसम
(b) फ्राइड अण्डा : उबला हुआ अंडा
(c) चमकीला : प्रतिभा
(d) सरेस : चिपकाना

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार गर्म के लिए 'उष्ण' शब्द का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार सामान्य तौर पर जलवायु के लिए 'मौसम' शब्द का प्रयोग किया जाता है।
**नोट** : भूगोल में मौसम व जलवायु अलग-अलग संदर्भों में प्रयुक्त होते हैं।

**16. मकड़ी : जाला : : ? : ?**

(a) स्याही : कलम
(b) मुर्गा : मुर्गी
(c) अध्यापक : विद्यार्थी
(d) कवि : कविता

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार जाले की रचना मकड़ी द्वारा की जाती है, उसी प्रकार कविता की रचना कवि द्वारा की जाती है।

**17. जूते : मोची : : ? : ?**

(a) चश्में : चश्मासाज
(b) शिक्षा : शिक्षक
(c) ऑक्सीजन : संयंत्र
(d) भोजन : रसोईघर

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार जूते, मोची बनाता है, उसी प्रकार चश्में, चश्मासाज बनाता है।

**18. गरीबी : समृद्धि : : ? : ?**

(a) पराक्रम : भीरुता
(b) संत : कुटिल
(c) संक्षेपण : स्फ्रीति
(d) सूक्ष्म : अदृश्य

**उत्तर (a)**

गरीबी का विपरीतार्थक शब्द समृद्धि होता है, उसी प्रकार पराक्रम का विपरीतार्थक भीरुता होता है।

**निर्देश : (प्रश्न 19 से 42 तक) निम्नलिखित में पहले दो अक्षरों के बीच एक निश्चित संबंध है। दिए गए विकल्पों में से उस शब्द/अक्षर या शब्द युग्म/अक्षर युग्म का चयन करें जो तीसरे शब्द के साथ वैसा ही संबंध रखता है।**


**19. ACE : HIL :: MCQ : ?**

(a) TUX (b) TVX


(c) XVT (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




∴ ? = TIX


**20. GT : HS :: KP : ?**

(a) PQ (b) RS


(c) LO (d) LM

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




**21. DE : 45 :: BC : ?**

(a) 34 (b) 56

(c) 43 (d) 23

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार अक्षर D और E वर्णमाला के चौथे एवं पांचवें स्थान पर हैं, उसी प्रकार अक्षर B और C वर्णमाला के दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

अर्थात BC : 23 होगा।

**22. DE : 10 :: HI : ?**

(a) 17 (b) 20

(c) 36 (d) 46

**उत्तर (c)**

D का वर्णमाला में क्रम = 4

E का वर्णमाला में क्रम = 5

H का वर्णमाला में क्रम = 8

I का वर्णमाला में क्रम = 9

तब $DE = \frac{4 \times 5}{2} \Rightarrow 10$

उसी प्रकार $HI = \frac{8 \times 9}{2} \Rightarrow 36$

उपरोक्त प्रश्न में वर्णमाला के क्रम को गुणा करके 2 से भाग दिया गया है।


**23. MAT : NCW :: APE : ?**

(a) CRH (b) BRH


(c) BSG (d) BSH

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः ? के स्थान पर BRH होगा।

**24. 57913 : EGIM :: 35816 : ?**

(a) CEHQ (b) CEHP

(c) CDIR (d) BCHP

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार अक्षर E, G, I, M का वर्णमाला में क्रम क्रमशः 5, 7, 9, 13 है, उसी प्रकार वर्णमाला के क्रम 3, 5, 8, 16 के अक्षर क्रमशः CEHP होंगे।


**25. AD : BE :: CF : ?**

(a) DE (b) EC


(c) DG (d) FG

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः ? = DG होगा।

**26. ABCD : WXYZ :: EFGH : ?**

(a) STOU (b) STUE

(c) TSUV (d) STUV

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार

| | | |
|---|---|---|
| A B C D | : | W X Y Z |
| 1 2 3 4 | | 4 3 2 1 |
| (वर्णमाला के क्रमानुसार) | | (वर्णमाला के उल्टे क्रम में) |

उसी प्रकार

| | | |
|---|---|---|
| E F G H | : | S T U V |
| 5 6 7 8 | | 8 7 6 5 |
| (वर्णमाला के क्रमानुसार में) | | (वर्णमाला के उल्टे क्रम में) |


**27. ZA : YB :: XC : ?**

(a) YZ (b) NM

(c) BC (d) WD

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार उसी प्रकार





**28. REASON : SFBTPO :: THINK : ?**

(a) SGHMJ (b) UIJOL


(c) UHNKI (d) UJKPM

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः ? = UIJOL होगा।

**29. AF : IK = LQ : ?**

(a) TV (b) NP

(c) RS (d) OR

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार उसी प्रकार




अतः ? के स्थान पर TV रखा जाएगा।


**30. aBc : fEd :: oPq : :**

(a) TSR (b) tSr

(c) TSr (d) tsR

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार उसी प्रकार




**31. ABC : ZYX:: CBA : ?**

(a) BCA (b) XYZ

(c) YZX (d) ZXY

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार– A B C ⟶ Z Y X

(वर्णमाला के प्रारंभ से) 1 2 3 1 2 3 (वर्णमाला के अंत से)

उसी प्रकार C B A ⟶ XYZ

(वर्णमाला के प्रारंभ से) 3 2 1 3 2 1 (वर्णमाला के अंत से)


**32. CAT : ECV : : DOG : ?**

(a) EPH (b) CNP

(c) FQI (d) RAT

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार उसी प्रकार





**33. ABC : DEF : : XYZ : ?**

(a) ABC (b) UVW

(c) GHI (d) DEF

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार उसी प्रकार




**34. 5 : 21 : : 7 : ?.**

(a) 30 (b) 43

(c) 49 (d) 25

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार $5 \times 4 + 1 = 20 + 1 \Rightarrow 21$

उसी प्रकार $7 \times 6 + 1 = 42 + 1 \Rightarrow 43$

**35. 6 : 222 : : 7 : ?**

(a) 350 (b) 210

(c) 336 (d) 343

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार $6^3 + 6 = 216 + 6 \Rightarrow 222$

उसी प्रकार $7^3 + 7 = 343 + 7 \Rightarrow 350$

**36. 50 :65 : : 101 : ?**

(a) 12 (b) 117

(c) 122 (d) 145

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार $7^2 + 1 = 50$ तथा $8^2 + 1 = 65$

उसी प्रकार $10^2 + 1 = 101$ तथा $11^2 + 1 = 122$

**37. 49 :81 : : 64 : ?**

(a) 36 (b) 100

(c) 121 (d) 144

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार

$7^2 \rightarrow 49$

$(7+2)^2 \rightarrow 81$

उसी प्रकार

$8^2 \rightarrow 64$

$(8+2)^2 \rightarrow 100$

**38. 19 :37 : : 26 : ?**

(a) 52 (b) 51

(c) 46 (d) 43

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार $37 = 19 \times 2 - 1$

$= 38 - 1 \Rightarrow 37$

उसी प्रकार $? = 26 \times 2 - 1$

$= 52 - 1 \Rightarrow 51$

**39. 0.75 : $x$ : : 5 : 8**

(a) 1.12 (b) 1.20

(c) 1.25 (d) 1.30

**उत्तर (b)**

$0.75 : x :: 5 : 8$

$x \times 5 = 8 \times 0.75$

$x = \frac{8 \times 0.75}{5} \Rightarrow 1.20$

**40. 3 : 27 :: 4 : ?**

(a) 16 (b) 64

(c) 32 (d) 28

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार $3^3 = 27$

उसी प्रकार $4^3 = 64$ होगा।

**41. 250 : 1000 :: 5 : ?**

(a) 250 (b) 200

(c) 20 (d) 2500

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार $\frac{1000}{250} = 4$

उसी प्रकार $\frac{20}{5} = 4$

$\therefore\ ? = 20$

**42. 100 : 1000 : : ? : 1**

(a) 0.001 (b) 0.01

(c) 0.1 (d) 10

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार $100 \times 10 = 1000$

उसी प्रकार $0.1 \times 10 = 1$

**43. नीचे दिए गए विकल्पों में से उस संख्या समूह का पता लगाइए जो प्रश्न में दिए गए संख्या समूह (8, 56, 72) के समान हैं-**

(a) (5, 30, 35) (b) (6, 42, 54)

(c) (3, 15, 24) (d) (7, 56, 63)

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार

$(8, 56, 72) \rightarrow 8 \times 1, 8 \times 7, 8 \times 9$

$\rightarrow (8, 56, 72)$

उसी प्रकार

$(6, 42, 54) \rightarrow 6 \times 1, 6 \times 7, 6 \times 9$

$\rightarrow (6, 42, 54)$

अतः विकल्प (b) दिए गए समूह के समान है।

**निर्देश - प्रश्न- 44 से 161 दी गई समरूपता के आधार पर नहीं दिया गया शब्द/अक्षर या शब्द युग्म/अक्षर युग्म ज्ञात करें।**

**44. धकेलना : खींचना : : फेकना : ?**

(a) उठना (b) दूर

(c) कूदना (d) समेटना

**उत्तर (d)**

'धकेलना' और 'खींचना' एक-दूसरे के विपरीतार्थक हैं। इसी प्रकार 'फेंकना' का विपरीतार्थक 'समेटना' होगा।

**45. फल : केला : : स्तनपायी : ?**

(a) गाय (b) सांप

(c) मछली (d) गौरैया

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार केला, फल जाति के अंतर्गत है, उसी प्रकार गाय स्तनपायी जाति के अंतर्गत है।

**46. रूपरेखा : घर : : कंकाल : ?**

(a) पसलियों (b) खोपड़ी

(c) शरीर (d) अनुग्रह

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार घर का निर्माण करने के लिए उसकी रूपरेखा आवश्यक होती है, उसी प्रकार शरीर के निर्माण के लिए कंकाल आवश्यक होता है।

**47. कंकाल : शरीर : : व्याकरण : ?**

(a) भाषा (Language) (b) वाक्य (Sentence)
(c) अर्थ (Meaning) (d) शिक्षा (Education)

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार कंकाल का संबंध शरीर से है, उसी प्रकार व्याकरण का संबंध भाषा से होगा।

**48. पैडल : साइकिल : : नाव : ?**

(a) स्टीयरिंग (b) जल
(c) चप्पू (d) खेना

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार साइकिल चलाने के लिए पैडल मारना पड़ता है, उसी प्रकार नाव खेने के लिए चप्पू चलाना पड़ता है।

**49. कुत्ता : पिल्ला : : भेड़ : ?**

(a) मेमना (b) मृगशावक
(c) शावक (d) बछेड़ा

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार कुत्ते के बच्चे को पिल्ला कहते हैं, उसी प्रकार भेड़ के बच्चे को मेमना कहते हैं।

**50. धुआं : प्रदूषण : : युद्ध : ?**

(a) शांति (b) संधि
(c) जीत (d) विध्वंस

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार धुएं से प्रदूषण होता है, उसी प्रकार युद्ध से विध्वंस होता है।

**51. मलेरिया : मच्छर : : रेबीज : ?**

(a) मक्खी (b) मछली
(c) सांप (d) कुत्ता

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से होती है, उसी प्रकार रेबीज रोग कुत्ते के काटने से होता है।

**52. वास्तुकार : भवन : : मूर्तिकार : ?**

(a) संग्रहालय (b) पत्थर
(c) छेनी (d) मूर्ति

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार वास्तुकार भवन का निर्माण करते हैं, उसी प्रकार मूर्तिकार, मूर्ति का निर्माण करते हैं।

**53. मछली : गलफड़ा : : मानव : --------------.**

(a) मुंह (b) गला
(c) फेफड़े (d) हृदय

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'मछली', 'गलफड़ा' से सांस लेती है, उसी प्रकार 'मानव', फेफड़े से सांस लेते हैं।

**54. मुद्रा : येन : : राष्ट्रीयता : ?**

(a) व्यक्ति (b) राष्ट्र
(c) भारतीय (d) देशभक्ति

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'येन' एक 'मुद्रा' की ओर संकेत करता है, उसी प्रकार 'भारतीय' एक 'राष्ट्रीयता' की ओर संकेत करती है।

**55. पश्चिम : उत्तर पूर्व : : दक्षिण : ?**

(a) उत्तर (b) दक्षिण-पूर्व
(c) पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार 'पश्चिम', 'उत्तर-पूर्व' से संबंधित है, उसी प्रकार 'दक्षिण', 'उत्तर-पश्चिम' से संबंधित है।

**56. झंझावात : तूफान : : छरहरा : ?**

(a) मोटा (b) स्थूल
(c) पतला (d) सुंदर

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'झंझावात', तूफान से संबंधित है, उसी प्रकार 'छरहरा', पतला से संबंधित है।

**57. कुत्ता : पिल्ला : : सिंह : ?**

(a) मेमना (b) मृगशावक
(c) शावक (d) बछेड़ा

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'कुत्ते' के बच्चे को 'पिल्ला' कहा जाता है, उसी प्रकार 'सिंह' के बच्चे को 'शावक' कहा जाता है।

**58. शांति : अव्यवस्था : : सृष्टि : ?**

(a) उत्पादन (b) निर्माण
(c) विनाश (d) रचना

**उत्तर (c)**

'शांति' का विलोम 'अव्यवस्था' से संबंधित है, उसी प्रकार 'सृष्टि', का विलोम विनाश से संबंधित है।

**59. कमान : सुव्यवस्था : : भ्रम : ?**

(a) अनुशासन (Discipline) (b) अव्यवस्था (Chaos)
(c) स्पष्टता (Clarity) (d) समस्या (Problem)

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार 'कमान' रखने से 'सुव्यवस्था' फैलती है, उसी प्रकार 'भ्रम' फैलाने से 'अव्यवस्था' फैलती है।

**60. नाटक : घटना का प्रदर्शन : : पुस्तक : ?**

(a) कहानी
(b) पृष्ठ
(c) अध्याय
(d) लेखक

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार किसी नाटक में किसी 'घटना का प्रदर्शन' किया जाता है, उसी प्रकार किसी 'पुस्तक' में किसी 'कहानी' का वर्णन होता है।

**61. धन : सुख : : कर्ज : ?**

(a) दुख से
(b) प्रसन्नता से
(c) आय से
(d) बोझ से

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार 'धन' का संबंध 'सुख' से है, उसी प्रकार 'कर्ज' 'दुख' से संबंधित है।

**62. मेजर : लेफ्टिनेंट : : स्कवाड्रन लीडर : ?**

(a) ग्रुप कैप्टन (Group Captain)
(b) फ्लाइंग अटेन्डेंट (Flying Attendant)
(c) फ्लाइंग ऑफिसर (Flying Officer)
(d) पॉयलट ऑफिसर (Pilot Officer)

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद मेजर से दो पद नीचे का होता है, उसी प्रकार भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर का पद स्कवाड्रन लीडर से दो पद नीचे होता है।

**63. करंट : सर्किट : : पृथ्वी : ?**

(a) ग्रह (Planet)
(b) सौर प्रणाली (Solarsystem)
(c) कक्षा (Orbit)
(d) मार्ग (Path)

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार 'करंट' सर्किट में प्रवाहित होता है, उसी प्रकार 'पृथ्वी' अपनी 'कक्षा' में चलती है।

**64. बैंक : मुद्रा : : परिवहन : ?**

(a) यातायात से है
(b) माल से है
(c) गति से है
(d) सड़क से है

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार बैंक का संबंध मुद्रा के लेन-देन से है, उसी प्रकार परिवहन का संबंध यातायात से है।

**65. मोटे : पतले : : निष्क्रिय : ?**

(a) नेक (Virtuous)
(b) व्यवसाय (Business)
(c) क्रिया-कलाप (Activity)
(d) परिश्रमी (Industrious)

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार मोटा का विलोम पतला से होता है, उसी प्रकार निष्क्रिय (Idle) का विलोम परिश्रमी (Industrious) होता है।

**66. रोग : रोग-विज्ञान :: ग्रह :………?**

(a) फलित-ज्योतिष (Astrology)
(b) भूविज्ञान (Geology)
(c) भूगोल (Geography)
(d) खगोल-विज्ञान (Astronomy)

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार रोग-विज्ञान के अंतर्गत रोगों का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार खगोल-विज्ञान (Astronomy) के अंतर्गत ग्रहों का अध्ययन किया जाता है।

**67. ताजमहल : प्यार : : जलियांवाला बाग : ?**

(a) अमृतसर
(b) शहादत
(c) युद्ध
(d) पंजाब

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार ताजमहल का संबंध प्यार से है, उसी प्रकार जलियांवाला बाग का संबंध शहादत से है।

**68. चाय : पत्तियां : : कॉफी : ?**

(a) पौधे
(b) पत्तियों
(c) पेय (Beverages)
(d) बीजों

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार चाय, पत्तियों से प्राप्त किया जाता है, उसी प्रकार कॉफी, बीज से प्राप्त किया जाता है।

**69. मजदूर : मजदूरी : : उद्यमी : ?**

(a) ऋण
(b) ब्याज
(c) टैक्स
(d) लाभ

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार मजदूर अपने काम के बदले में मजदूरी प्राप्त करता है, उसी प्रकार उद्यमी अपने व्यवसाय के बदले में लाभ प्राप्त करता है।

**70. साबुन : धोने : : झाड़ू : ?**

(a) सफाई (Clean)
(b) धूल (Dust)
(c) बुहारना (Sweep)
(d) फर्श (Floor)

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार साबुन धोने में सहायक है, उसी प्रकार 'झाड़ू' बुहारने (Sweep) में सहायक है।

**71. शहर : गांव : : शहरी : ?**

(a) ग्रामीण
(b) नगर
(c) महानगर (Metropolis)
(d) अर्ध-शहरी

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार शहर का विलोम गांव है, उसी प्रकार शहरी का विलोम ग्रामीण है।

**72. रुपया : भारत : : येन : ?**

(a) टर्की (b) बांग्लादेश
(c) पाकिस्तान (d) जापान

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार रुपया, भारत की मुद्रा है, उसी प्रकार येन जापान की मुद्रा है।

**73. जड़ : तना : : शाखा : ?**

(a) काष्ठ (b) पत्ती
(c) वृक्ष (d) उर्वरक

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार जड़ के पश्चात तने का निर्माण होता है, उसी प्रकार शाखा के पश्चात पत्ती का निर्माण होता है।

**74. आयात : निर्यात : : व्यय : ?**

(a) घाटा (b) आय
(c) ऋण (d) कर

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार आयात का विलोम निर्यात होता है, उसी प्रकार व्यय का विलोम आय होता है।

**75. महल : झोपड़ी : : हाथी : ?**

(a) गाय (b) कार
(c) चूहा (d) बस

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार झोपड़ी घर का छोटा रूप है तथा महल घर का बड़ा रूप है, उसी प्रकार हाथी बड़े पशु एवं चूहा छोटे पशु को प्रदर्शित करता है।

**76. कार : सड़क :: पोत : ?**

(a) महासागर (b) नदी
(c) जल (d) सागर

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार कार, सड़क पर चलती है, उसी प्रकार पोत, जल पर चलता है।

**77. मुक्केबाजी : बॉक्सिंग रिंग :: क्रिकेट : ?**

(a) खेल (b) विकेट
(c) पिच (d) अखाड़ा

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार मुक्केबाजी का खेल बॉक्सिंग रिंग में खेला जाता है, उसी प्रकार क्रिकेट, पिच पर खेला जाता है।

**78. धर्म : पुजारी :: विज्ञान : ?**

(a) जीव वैज्ञानिक (b) चिकित्सक
(c) रसायनज्ञ (d) वैज्ञानिक

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार पुजारी धर्म का ज्ञाता होता है, उसी प्रकार वैज्ञानिक विज्ञान का ज्ञाता होता है।

**79. सूर्य : गर्मी :: ? : ठंड**

(a) सर्दी (b) बर्फ
(c) स्वेटर (d) अग्नि

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार सूर्य से गर्मी प्राप्त होती है, उसी प्रकार बर्फ से ठंडक प्राप्त होती है।

**80. बल्ब : बिजली :: कार : ?**

(a) स्टीयरिंग व्हील (b) सड़क
(c) ईंधन (d) ब्रेक

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार बल्ब बिजली से जलता है, उसी प्रकार कार, ईंधन से चलती है।

**81. माह : दिन :: घंटा : ?**

(a) घड़ी (b) वर्ष
(c) समय (d) मिनट

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार माह, दिनों के मिलने से बनता है, उसी प्रकार घंटा, मिनटों के मिलने से बनता है।

**82. मूंछ : आदमी :: ? : महिला**

(a) ओष्ठ (b) सुंदरता
(c) स्तन (d) साड़ी

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार मूंछ, आदमी से संबंधित है, उसी प्रकार स्तन, महिला से संबंधित है।

**83. संगीत : गायक :: चित्र : ?**

(a) कलाकार (b) छायाचित्रकार
(c) कवि (d) चित्रकार

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार का संबंध संगीत एवं गायक में है, उसी प्रकार का संबंध चित्र एवं चित्रकार में है।

**84. धान : खेत : : स्टील : ?**

(a) खान (b) फैक्टरी
(c) लोहा (d) अयस्क

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार धान, खेत में होता है, उसी प्रकार स्टील फैक्टरी में बनता है।

**85. आकाश : नीला :: गुलाब : ?**

(a) नीला (b) नारंगी

(c) लाल (d) जामुनी

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार आकाश का प्राकृतिक रंग नीला होता है, उसी प्रकार गुलाब का प्राकृतिक रंग लाल होता है।

**86. गुलाब : कमल :: सोना : ?**

(a) लोहा (b) यूरेनियम

(c) तांबा (d) चांदी

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार गुलाब एवं कमल महत्वपूर्ण पुष्पों की श्रेणी में आते हैं, उसी प्रकार सोना एवं चांदी प्रमुख धातुओं की श्रेणी में आते हैं।

**87. दूरी : किमी. :: ? : किग्रा.**

(a) भार (b) गति

(c) लंबाई (d) ऊंचाई

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार किमी. दूरी का मात्रक है, उसी प्रकार किग्रा. द्रव्यमान (भार) का मात्रक है।

**88. इटली : ? :: रूस : मॉस्को**

(a) बर्लिन (b) रोम

(c) जिनेवा (d) पेरिस

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार रूस की राजधानी मॉस्को है, उसी प्रकार इटली देश की राजधानी रोम है।

**89. गुलाब : फूल :: सूर्य : ?**

(a) ग्रह (b) तारा

(c) आकाशगंगा (d) आकाश

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार गुलाब एक फूल है, उसी प्रकार सूर्य एक तारा है।

**90. विद्यालय : छात्र :: ? : चिकित्सक**

(a) दवा (b) नर्स

(c) अस्पताल (d) कंपाउंडर

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार छात्र, विद्यालय में पढ़ते हैं, उसी प्रकार चिकित्सक, अस्पताल में इलाज करते हैं।

**91. ? : भूमि : : नौ सेना : ?**

(a) जहाज, पैदल सेना

(b) मैदान, समुद्र

(c) थलसेना, समुद्र

(d) पनडुब्बी, वायु

**उत्तर (c)**

थल सेना जैसे भूमि से संबंधित है, वैसे ही नौसेना समुद्र से संबंधित है।

**92. फूल : सुगंध : : ओवन : ?**

(a) वाष्प (b) आग

(c) ताप (d) भाप

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार फूल में सुगंध होती है, उसी प्रकार 'ओवन' में ताप होता है।

**93. गुरुत्व : खिंचाव : : चुंबकत्व : ?**

(a) प्रतिकर्षण (Repulsion) (b) पृथक्करण (Separation)

(c) आकर्षण (Attraction) (d) ढकेलना (Push)

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार गुरुत्व में खिंचाव का गुण होता है, उसी प्रकार चुंबकत्व में आकर्षण (Attraction) का गुण होता है।

**94. वायु : वायुमंडल :: जल : ?**

(a) जलमंडल (b) पारिस्थितिकी मंडल

(c) जैवमंडल (d) समतापमंडल

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार वायु का संबंध वायुमंडल से है, उसी प्रकार जल का संबंध जलमंडल से है।

**95. नेत्र : दृष्टि :: जिह्वा : ?**

(a) मुंह (b) गला

(c) स्वाद (d) भाषण

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार नेत्र का संबंध दृष्टि से है, उसी प्रकार जिह्वा का संबंध स्वाद से है।

**96. फूल : कली :: पादप : ?**

(a) जड़े (b) पत्ती

(c) बीज (d) तना

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार कली से फूल का निर्माण होता है, उसी प्रकार बीज से पादप का निर्माण होता है।

**97. विद्युत : तार :: जल : ?**

(a) नहर (b) बोतल

(c) पाइप (d) नदी

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार विद्युत सप्लाई के लिए तार की आवश्यकता पड़ती है, उसी प्रकार जल की सप्लाई के लिए पाइप की आवश्यकता पड़ती है।

**98. सोमवार : शनिवार :: गुरुवार : ?**

(a) सोमवार (b) मंगलवार

(c) बुधवार (d) शुक्रवार

उत्तर (b)

जिस प्रकार
सोमवार – 2 दिन ⇒ शनिवार
उसी प्रकार
गुरुवार – 2 दिन ⇒ मंगलवार

**99. बोध गया : बिहार : : तिरुपति : ?**

(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु
(c) आंध्र प्रदेश (d) केरल

उत्तर (c)

जिस प्रकार तीर्थस्थल बोध गया, बिहार राज्य में स्थित है, उसी प्रकार तीर्थस्थल तिरुपति, आंध्र प्रदेश में स्थित है।

**100. मुंबई : महाराष्ट्र :: त्रिवेंद्रम : ?**

(a) कोलकाता (b) तमिलनाडु
(c) सिक्किम (d) केरल

उत्तर (d)

जिस प्रकार महाराष्ट्र राज्य की राजधानी मुंबई है, उसी प्रकार केरल राज्य की राजधानी त्रिवेंद्रम है।

**101. दादा : पिता : : भाई : ?**

(a) दामाद (b) पुत्र
(c) ससुर (d) बालक

उत्तर (b)

जिस प्रकार किसी व्यक्ति के पिता एवं दादा के बीच एक पीढ़ी का अंतर है, उसी प्रकार उसके भाई एवं पुत्र में एक पीढ़ी का अंतर है।

**102. पटना : रांची : : चेन्नई : ?**

(a) चंडीगढ़ (b) पुणे
(c) इलाहाबाद (d) बैंगलोर

उत्तर (d)

जिस प्रकार पटना एवं रांची अगल-बगल के राज्यों के राजधानी नगर हैं, उसी प्रकार चेन्नई एवं बैंगलोर अगल-बगल के राज्यों के राजधानी नगर हैं।

**103. मच्छर : मलेरिया, जल : हैजा, चूहा : ?**

(a) रोग (b) प्लेग
(c) मृत्यु (d) उपर्युक्त में कोई भी नहीं

उत्तर (b)

जिस प्रकार मलेरिया रोग, मच्छर से तथा हैजा रोग पानी से फैलता है, उसी प्रकार प्लेग रोग, चूहा द्वारा फैलता है।

**104. आम : फल :: आलू : ?**

(a) फल (b) तना
(c) पुष्प (d) जड़

उत्तर (b)

जिस प्रकार आम, फल के अंतर्गत आता है, उसी प्रकार आलू, तने के अंतर्गत आता है।

**105. झारखंड : बिहार :: उत्तराखंड : ?**

(a) नेपाल (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) मध्य प्रदेश

उत्तर (b)

जिस प्रकार बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बना, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड राज्य बना।

**106. नाटक : निर्देशक : : पत्रिका : ?**

(a) कहानी (b) पाठक
(c) संपादक (d) प्रिंटर

उत्तर (c)

जिस प्रकार नाटक का संबंध निर्देशक से है, उसी प्रकार पत्रिका (Magazine) का संबंध संपादक से है।

**107. जूल : ऊर्जा : : पास्कल : ?**

(a) घनफल (b) दबाव
(c) घनत्व (d) शुद्धता

उत्तर (b)

जिस प्रकार ऊर्जा का मात्रक जूल होता है, उसी प्रकार दबाव का मात्रक पास्कल होता है।

**108. सम्मेलन : अध्यक्ष : : समाचार-पत्र : ?**

(a) रिपोर्टर/संवाददाता (Reporter)
(b) वितरक (Distributer)
(c) मुद्रक (Printer)
(d) संपादक (Editor)

उत्तर (d)

जिस प्रकार किसी सम्मेलन का प्रधान 'अध्यक्ष' होता है, उसी प्रकार समाचार-पत्र का प्रधान 'संपादक' (Editor) होता है।

**109. मुसलमान : मस्जिद : : सिख : ?**

(a) स्वर्ण मंदिर (b) मदीना
(c) अग्नि मंदिर (d) गुरुद्वारा

उत्तर–(d)

जिस प्रकार मस्जिद, मुसलमानों का धार्मिक स्थल है, उसी प्रकार गुरुद्वारा, सिक्खों का धार्मिक स्थल है।

**110. फूल : पंखुड़ी : : पुस्तक : ?**

(a) पृष्ठ (b) विषय-सूची
(c) लेखक (d) पुस्तकालय

उत्तर (a)

जिस प्रकार कई पंखुड़ियों से फूल बनता है, उसी प्रकार कई पृष्ठों से पुस्तक बनती है।

**111. पौधे : वृक्ष : : लड़की : ?**

(a) औरत (b) बहन

(c) मां (d) पत्नी

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार पौधा बड़ा होकर वृक्ष बनता है, उसी प्रकार लड़की बड़ी होकर औरत बनती है।

**112. टेनिस : कोर्ट : : मुक्केबाजी : ?**

(a) पूल (b) रिंग

(c) अखाड़ा (d) कोर्स

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार टेनिस, कोर्ट पर खेला जाता है, उसी प्रकार मुक्केबाजी रिंग में खेली जाती है।

**113. डॉक्टर : रोगी : : वकील : ?**

(a) ग्राहक (b) आरोपी

(c) मजिस्ट्रेट (d) मुवक्किल

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार डॉक्टर, रोगी का उपचार करता है, उसी प्रकार वकील, मुवक्किल का मुकदमा लड़ता है।

**114. चांद : उपग्रह :: पृथ्वी : ?**

(a) सूरज (b) ग्रह

(c) सौरमंडल (d) ग्रहिका

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार चांद एक प्रकार का उपग्रह है, उसी प्रकार पृथ्वी एक प्रकार का ग्रह है।

**115. शेफ : रेस्टोरेंट : : दवा बेचने वाले : ?**

(a) दवा से (b) औषधालय से

(c) भंडार से (d) औषध विक्रेता से

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार शेफ (Chef) का संबंध रेस्टोरेंट से है, उसी प्रकार दवा बेचने वाले का संबंध औषधालय से है।

**116. लखनऊ : उत्तर प्रदेश :: त्रिवेंद्रम : ?**

(a) पटना (b) केरल

(c) भारत (d) तमिलनाडु

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी है, उसी प्रकार त्रिवेंद्रम, केरल की राजधानी है।

**117. वायरस : वायरोलॉजी :: एंट : ?**

(a) फायटोलॉजी (b) मायकोलॉजी

(c) एंडोक्रिनोलॉजी (d) एंटोमोलॉजी

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार वायरोलॉजी के अंतर्गत वायरस का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार एंटोमोलॉजी के अंतर्गत एंट का अध्ययन किया जाता है।

**118. गंगा : सोन :: सिंधु : ?**

(a) नर्मदा (b) झेलम

(c) पेरियार (d) कावेरी

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार गंगा की सहायक नदी सोन है, उसी प्रकार सिंधु की सहायक नदी झेलम है।

**119. नैनीताल : उत्तराखंड :: मुन्नार : ?**

(a) तमिलनाडु (b) आंध्र प्रदेश

(c) मध्य प्रदेश (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार नैनीताल, उत्तराखंड राज्य का हिल स्टेशन है, उसी प्रकार मुन्नार केरल राज्य का हिल स्टेशन है। इस प्रकार विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**120. रक्षा - दल : जहाज :: शिष्टमंडल : ?**

(a) मतदाता (b) प्रतिनिधि

(c) राजनीतिज्ञ (d) लेखक

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार रक्षा-दल में जहाज भी आते हैं, उसी प्रकार शिष्टमंडल में प्रतिनिधि आते हैं।

**121. ताल : संगीत : : डिजाइन : ?**

(a) समरूपता (b) वास्तुकार

(c) सौंदर्य (d) भवन

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार संगीत के लिए सही ताल जरूरी है, उसी प्रकार सही डिजाइन के लिए वास्तुकार की आवश्यकता है।

**122. गर्दन : टाई : : कमर : ?**

(a) घड़ी (b) बैल्ट

(c) रिबन (d) कमीज

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार गर्दन में टाई बांधी जाती है, उसी प्रकार कमर में बैल्ट बांधी जाती है।

**123. कॉलेज : विद्यार्थी : : अस्पताल : ?**

(a) डॉक्टर (b) नर्स

(c) उपचार (d) रोगी

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार कॉलेज में विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं, उसी प्रकार अस्पताल में रोगी अपना इलाज करवाते हैं।

**124. लक्षद्वीप : कवरत्ती : : अंडमान और निकोबार : ?**

(a) पोर्ट ब्लेयर (b) दमन

(c) पांडिचेरी (d) सिलवासा

**उत्तर** (a)

| |
|---|
| जिस प्रकार लक्षद्वीप की राजधानी कवरत्ती है, उसी प्रकार अंडमान और निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर है। |

**125. अश्व : अस्तबल : : मानव : ?**

(a) महिला (b) घर

(c) चाबुक (d) कपड़े

**उत्तर (b)**

| |
|---|
| जिस प्रकार अश्व के रहने के स्थान को अस्तबल कहते हैं, उसी प्रकार मानव के रहने के स्थान को घर कहते हैं। |

**126. सुख : दुख : : आनंद : ?**

(a) कष्ट (b) आराम

(c) गरीबी (d) कठिनाई

**उत्तर** (a)

| |
|---|
| जिस प्रकार 'सुख' का विलोम दुख है, उसी प्रकार आनंद का विलोम कष्ट होगा। |

**127. आर्द्रतामापी : आर्द्रता : : नाड़ी दाबांतरमापी (स्फिग्मोमेनोमीटर) का संबंध : ?**

(a) दाब (b) रक्तदाब

(c) वर्षण (d) हृदय

**उत्तर** (b)

| |
|---|
| जिस प्रकार आर्द्रतामापी से आर्द्रता का मापन किया जाता है, उसी प्रकार नाड़ी दाबांतरमापी से रक्तदाब का मापन किया जाता है। |

**128. अच्छे : बुरे : : छत : ?**

(a) दीवार से (b) खंभे से

(c) छज्जा से (d) फर्श से

**उत्तर (d)**

| |
|---|
| जिस प्रकार अच्छा का विलोम बुरा है, उसी प्रकार छत का विलोम फर्श होगा। |

**129. बर्फ : शीतलता : : पृथ्वी : ?**

(a) वजन (b) गुरुत्वाकर्षण

(c) जंगल (d) समुद्र

**उत्तर (b)**

| |
|---|
| जिस प्रकार बर्फ में शीतलता होती है, उसी प्रकार पृथ्वी में गुरुत्वाकर्षण होता है। |

**130. दृश्य : प्रकाश : : श्रव्य : ?**

(a) नाटक (b) शोर

(c) ध्वनि (d) आवाज

**उत्तर (c)**

| |
|---|
| जिस प्रकार दृश्य से प्रकाश संबंधित है, उसी प्रकार श्रव्य से ध्वनि का संबंध है। |

**131. सफलता : आनंद : : असफलता : ?**

(a) हार (b) उदासी

(c) गुस्सा (d) निराशापन

**उत्तर (b)**

| |
|---|
| जिस प्रकार सफलता से आनंद प्राप्त होता है, उसी प्रकार असफलता से उदासी होती है। |

**132. प्रदीप्त : जलने : : क्रोध : ?**

(a) चिढ़ाने से (b) निर्धारण से

(c) नाराज से (d) उग्र से

**उत्तर (d)**

| |
|---|
| जिस प्रकार जलने पर प्रदीप्त उत्पन्न होता है तथा दोनों एक साथ होने वाली क्रियाएं हैं, उसी प्रकार क्रोध आने पर उग्रता आती है और दोनों एक साथ होने वाली क्रियाएं हैं। |

**133. प्रोटीन : विकास : : कार्बोहाइड्रेट : ?**

(a) ऊर्जा (Energy)

(b) ताकत (Strength)

(c) प्रतिरोध (Resistance)

(d) बीमारी (Disease)

**उत्तर (a)**

| |
|---|
| जिस प्रकार प्रोटीन से विकास होता है, उसी प्रकार कार्बोहाइड्रेट से ऊर्जा प्राप्त होती है। |

**134. तपेदिक : फेफड़ा : : मोतियाबिंद : ?**

(a) आंख (b) कान

(c) गला (d) चर्म

**उत्तर (a)**

| |
|---|
| जिस प्रकार तपेदिक नामक रोग से फेफड़ा प्रभावित होता है, उसी प्रकार मोतियाबिंद रोग से आंख प्रभावित होती है। |

**135. घाटीमार्ग : दर्रा : : विसर्पण : ?**

(a) हिमोढ़ (b) सहायक नदी

(c) डेल्टा प्रदेश (d) पर्वत

**उत्तर (c)**

| |
|---|
| जिस प्रकार घाटीमार्ग, दर्रा से संबंधित है, उसी प्रकार विसर्पण डेल्टा प्रदेश से संबंधित है। |

**136. संगमरमर : स्लेट : : नाइस : ?**

(a) बालुकाश्म (b) क्वार्ट्जाइट

(c) चूनाश्म (d) कोयला

**उत्तर (b)**

| |
|---|
| संगमरमर, स्लेट, नाइस एवं क्वार्ट्जाइट सभी कायांतरित चट्टानें हैं। |

**137. हाथी : दृढ़त्वचीय प्राणी (पैकीडर्म) : : ? : ?**

(a) मैन्टिस : कृंतक　(b) पूडल : विडालवत्

(c) कंगारू : मार्सूपीअल　(d) जेबरा : घोड़ा

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार हाथी दृढ़त्वचीय प्राणी (पैकीडर्म) वर्ग का है, उसी प्रकार कंगारू मार्सूपीअल (धानी प्राणी) वर्ग के अंतर्गत आता है।

**138. कबूतर : शांति : : श्वेत ध्वज : ?**

(a) मित्रता　(b) विजय

(c) आत्मसमर्पण　(d) युद्ध

**उत्तर (c)**

कबूतर शांति का प्रतीक है। श्वेत ध्वज आत्मसमर्पण का प्रतीक है।

**139. जलयान : सागर : : ऊंट : ?**

(a) वन　(b) भूमि

(c) पर्वत　(d) रेगिस्तान

**उत्तर (d)**

जलयान सागर में चलता है। ऊंट रेगिस्तान में चलता है।

**140. हंसना : आनंद : : रोना : ?**

(a) बच्चा　(b) दंड

(c) पछतावा　(d) शोक

**उत्तर (d)**

हंसने से आनंद व्यक्त होता है। रोने से शोक व्यक्त होता है।

**141. लड़की : सुंदर : : लड़का : ?**

(a) चतुर　(b) वीर

(c) साहसी　(d) मनोहर

**उत्तर (d)**

लड़की सुंदर (Beautiful) होती है। लड़का मनोहर (Handsome) होता है।

**142. कोहनी : कलाई : : घुटना : ?**

(a) टखना　(b) उंगलियां

(c) पांव　(d) पादांगुलि

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार कोहनी, कलाई का ऊपरी भाग है, उसी प्रकार घुटना, टखने का ऊपरी भाग है।

**143. पुत्री : माता :: मंगल : ?**

(a) पृथ्वी　(b) लड़की

(c) बहन　(d) सूर्य

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार पुत्री मां के परिवार की एक सदस्य है, उसी प्रकार मंगल सूर्य के परिवार का एक सदस्य है।

**144. मोमबत्ती : मोम :: कागज : ?**

(a) लुग्दी　(b) बांस

(c) लकड़ी　(d) पेड़

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार मोमबत्ती मोम से बनती है, उसी प्रकार कागज, लुग्दी से तैयार किया जाता है।

**145. उद्यमकर्ता : मुनाफा :: विद्वान : ?**

(a) आय　(b) ज्ञान

(c) सेवा　(d) धंधा

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार उद्यमकर्ता मुनाफा कमाता है, उसी प्रकार विद्वान, ज्ञान कमाता है।

**146. चोर : घर :: समुद्री डाकू : ?**

(a) समुद्र　(b) जहाज

(c) नाविक　(d) नाविक दल

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार चोर, घर में चोरी करते हैं, उसी प्रकार समुद्री डाकू, जहाज में चोरी करते हैं।

**147. ऑक्सीजन : जलना :: कार्बन डाइऑक्साइड : ?**

(a) वियुक्त करना　(b) (फांग) झाग

(c) आग बुझाना　(d) विस्फोट

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार ऑक्सीजन आग जलाने में सहायक है, उसी प्रकार कार्बन डाइऑक्साइड आग बुझाने में सहायक है।

**148. छाल : पेड़ : : शल्क : ?**

(a) गलफड़ा　(b) हाथी

(c) मछली　(d) खाल

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार छाल, पेड़ की ऊपरी परत है, उसी प्रकार शल्क, मछली की ऊपरी परत होती है।

**149. थर्मोमीटर : डिग्री : : घड़ी : ?**

(a) दीवार　(b) मीनार

(c) घंटा　(d) कलाई

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार थर्मोमीटर, तापमान का मान डिग्री में प्रदर्शित करता है, उसी प्रकार घड़ी समय का मान घंटा में प्रदर्शित करती है।

**150. सत्यजीत राय : फिल्म : : पिकासो : ?**

(a) साहित्य　(b) नाटक

(c) कविता　(d) चित्रकारी

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार सत्यजीत राय - 'फिल्म' निर्माण से जुड़े हैं, उसी प्रकार पिकासो - 'चित्रकारी' से जुड़े हैं।

**151. Ornaments : Gold : : Needle : ?**

(a) Stich (b) Prick

(c) Steel (d) Thread

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार गहनें या आभूषण सोने के बनाए जाते हैं, उसी प्रकार सुई (Needle), स्टील से बनाई जाती है।

**152. परमाणु (Atom) : अणु (Molecules) : : कोशिका (Cell) : ?**

(a) पदार्थ (Matter)

(b) न्यूक्लियस (Nucleus)

(c) जीव (Organism)

(d) बैटरी (Battery)

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार कई परमाणु मिलकर एक अणु का निर्माण करते हैं, उसी प्रकार कई कोशिकाएं मिलकर एक जीव का निर्माण करती हैं।

**153. Breeze : Cyclone : : Drizzle : ?**

(a) Earthquake (b) Storm

(c) Flood (d) Downpour

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार Breeze (मंद हवा), Cyclone (तूफान) से संबंधित है, उसी प्रकार Drizzle (बूंदा-बांदी), Downpour (मूसलाधार वर्षा) से संबंधित है।

**154. Line : Square : : Arc : ?**

(a) Ring (b) Sphere

(c) Circle (d) Ball

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार Square, Line से मिलकर बनता है, उसी प्रकार Circle, Arc से मिलकर बनता है।

**155. Earth : Sun : : Moon : ?**

(a) Orbit (b) Sky

(c) Star (d) Earth

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार पृथ्वी (Earth) सूर्य (sun) के चारों ओर चक्कर लगाती है, उसी प्रकार चंद्रमा (moon), पृथ्वी (earth) के चारों ओर चक्कर लगाता है।

**156. Concave : Convex : : Concede : ?**

(a) Proceed (b) Deny

(c) Recede (d) Precede

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार Concave (अवतल) का विलोम Convex (उत्तल) होता है, उसी प्रकार Concede (मांग लेना या स्वीकार करना) का विलोम Deny (इंकार करना) होगा।

**157. Car : Garage :: Aeroplane : ?**

(a) Airport

(b) Hanger

(c) Hangar

(d) Biggarage

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार का संबंध Car, Garage में खड़ी होती है, उसी प्रकार Aeroplane, Hangar में खड़ा होता है।

**158. Physician : Treatment : : Judge : ______?**

(a) Punishment

(b) Judgement

(c) Lawyer

(d) Court

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार चिकित्सक (Physician) उपचार करते हैं, उसी प्रकार जज (Judge) न्याय (Judgement) करते हैं।

**159. UNCLE : AUNT : : FATHER : ?**

(a) Affection

(b) Son

(c) Daughter

(d) Mother

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार चाचा (Uncle) और चाची (Aunt) में पति-पत्नी का संबंध है, उसी प्रकार पिता (Father) तथा माता (Mother) का संबंध पति-पत्नी का है।

**160. FIRST : RIFTS : : GHOST : : ?**

(a) OGHST (b) OHGST

(c) OHGTS (d) OGHTS

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार

F I R S T : R I F T S

1 2 3 4 5    3 2 1 5 4

उसी प्रकार

G H O S T : O H G T S

1 2 3 4 5    3 2 1 5 4

**161. AGRA : UTTAR PRADESH : : MUMBAI : ?**

(a) Kolkata (b) India

(c) Gujarat (d) Maharashtra

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार आगरा, उत्तर प्रदेश का एक शहर है, उसी प्रकार मुंबई, महाराष्ट्र का एक शहर है।